नवनिर्वाचित संसद सदस्यों के लिए आयोजित प्रबोधन कार्यक्रम का तीसरा दिन: लोक सभा सचिवालय द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं के बारे में पॉवर पाइंट प्रेसेंटेशन की प्रस्तुति की गई

नई दिल्ली, 19 जुलाई 2019: 17वीं लोक सभा के नवनिर्वाचित संसद सदस्यों के लिए आयोजित प्रबोधन कार्यक्रम के एक हिस्से के रूप में, आज संसदीय ज्ञानपीठ में नवनिर्वाचित संसद सदस्यों के लिए लोक सभा सचिवालय द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न सुविधाओं के बारे में पॉवर पाइंट प्रेसेंटेशन की प्रस्तुति की गई।

सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पॉवर पाइंट प्रेसेंटेशन की प्रस्तुति की गई जिसमें *'ई-संसद – सदस्यों हेतु पोर्टल'; 'वेतन, भत्ते, पेंशन – सदस्यों हेतु सेवाएं (आवास, परिवहन, चिकित्सा सुविधाएं इत्यादि)' और 'संसद शोध, ग्रंथालय एवं सदस्यों हेतु सेवा'* विषयों को शामिल किया गया। संवादपरक सत्रों में, संबंधित अधिकारियों ने सदस्यों के साथ संवाद किया और उन्हें सदस्यों हेतु पोर्टल, वेतन, पेंशन, भत्तों, चिकित्सा आवश्यकताओं, आवास, खानपान, ग्रंथालय, शोध और संदर्भ सेवाओं से संबंधित प्रदान की जाने वाली विभिन्न प्रकार की सेवाओं के बारे में जानकारी प्रदान की। विभिन्न मुद्दों के बारे में संसद सदस्यों की शंकाओं का भी समाधान किया गया।

इससे पहले इस कार्यक्रम में संसदीय अध्ययन तथा प्रशिक्षण ब्यूरो (बीपीएसटी) के मानद सलाहकार श्री रघुनंदन शर्मा ने स्वागत भाषण दिया।

लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला की पहल पर लोक सभा सचिवालय के संसदीय अध्ययन तथा प्रशिक्षण ब्यूरो (बीपीएसटी) द्वारा आयोजित प्रबोधन कार्यक्रम का उद्देश्य नवनिर्वाचित संसद सदस्यों को विभिन्न संसदीय प्रक्रियात्मक साधनों और संबंधित विषयों की जानकारी प्रदान करना है।

इस प्रबोधन कार्यक्रम का शुभारंभ 3 जुलाई 2019 को संसदीय सौध में केन्द्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह द्वारा किया गया था। लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने भी विशिष्टजनों को संबोधित किया था। केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह और केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग एवं सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यम मंत्री श्री नितिन गडकरी ने भी पहले क्रमशः "एक प्रभावी सांसद कैसे बनें?" और "संसदीय प्रश्न और सभा में मामलों को उठाने के लिए प्रक्रियात्मक साधन" विषयों पर 4 जुलाई 2019 को नवनिर्वाचित सदस्यों को संबोधित किया था।